जिनको जिनको सेठ बनाया वो क्या रिश्ते दार है

जिनको जिनको सेठ बनाया वो क्या रिश्ते दार है
उनसे तो प्यार है हम से टकरार है,

वो मैया केहते है हम भी मैया केहते है
वो भी सेवा करते है हम भी सेवा करते है
हम तो छोटे मोटे भिखारी वो जागीदार है,
उनसे तो प्यार है हम से टकरार है,

वो भी है परिवार तेरा ये भी है परिवार तेरा
उनको भी आधार तेरा हम को भी आधार तेरा
हम तो तेरे दर के नोकर वो क्या हिसे दार है,
उनसे तो प्यार है हम से टकरार है,

वो दर पे जाते है हमभी दर पे जाते है
वो भी मांग के लाते है हम भी मांग के लाते है,
देख देख कर झोली भरती तू कैसी दातार है
उनसे तो प्यार है हम से टकरार है,

उनको भर भंडार दिया उनको छफड फाड़ दियां जब आई मेरी वारी अपना पल्ला झाड दियां
उन भगतो का तेरे साथ में चलता क्या व्यपार है
उनसे तो प्यार है हम से टकरार है,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/20028/title/jinko-jinko-seth-bnaya-vo-kya-rishte-daar-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |